an>

Title: Need to develop and built Airport at Abu Road

श्री देवजी एम. पटेल **(जालौर):** महोदया, आपने मुझे एक महत्वपूर्ण विषय पर अपनी बात कहने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूँ। मैं राजस्थान के जालौर सिरोही क्षेत्र से आता हूँ। मेरे क्षेत्र के एक साइड में पाकिस्तान का बार्डर है और दूसरी साइड में गुजरात है। हमारे यहाँ से प्रवासी बहुत बाहर जाते हैं। मेरे यहाँ जालौर-समदड़ी-भीलड़ी रूट में ट्रेन का आवागमन नहीं हो पा रहा है, क्योंकि रानी की वाऊ से कुछ अवरोध आ रहा है। प्रवासी ज्यादा होने के कारण मानपुर हवाई पट्टी को हवाई अड्डे के रूप में विकसित करने के लिए हमने एक प्रपोजल भेजा है। अम्बा जी धाम बगल में बना हुआ है, ब्रह्म कुमारी का माउंट आबू के अन्दर बहुत बड़ा सेंटर है, आप भी वहाँ पधार चुकी हैं।

मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि आबू रोड में हवाई अड्डे को विकसित करके अगर वहाँ हवाई सेवा शुरू करें तो मेरे क्षेत्र के लोगों को आने-जाने में बहुत सुविधा होगी। मैं आपके माध्यम से सरकार से इसके लिए माँग करता हूँ। धन्यवाद।